तापमान
अधिकतम 30.9 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 15 जनवरी 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


# पुलिस ने महज 12 दिनों में 24 नशे के कारोबारियों पर कसा शिकंजा

जेएम तांडी ⏭ भिलाई

शहर में नशे का बड़ा कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा था। जिसे गंभीरता से लेते हुए नई सरकार के गृह मंत्री विजय शर्मा ने पुलिस विभाग के लिए एक फरमान जारी कर नशे के कारोबारियों पर अंकुश लगाने को कहा था। इसके बाद से दुर्ग पुलिस ने 1 जनवरी से लगातार ताबडतोड़ कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

पुलिस ने महज 12 दिनों में ब्राउन शुगर, चिट्टा, गांजा और नशे की दवा का काम करने वाले 24 आरोपियों पर शिकंजा कसने में सफल रही है। इन आरोपियों से पुलिस ने अब तक नशे का सामान और चार पहिया, महंगे मोबाइल आदि 42.25 लाख रुपए का सामान भी जप्त किया है। इससे नशे के अवैध कारोबार करने वाले अपराधियों में पुलिस की खौफ बनी हुई है।

अब पुलिस ने थाना कुम्हारी, वैशाली नगर, सुपेला, भिलाई नगर, छावनी, उतई, नेवई, भिलाई तीन, धमधा, मोहन नगर, पुलगांव समेत अन्य थाना क्षेत्र के नशे के कारोबारियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने इसके लिए बकायदा एसएसपी राम गोपाल गर्ग के निर्देश पर नशा काराबारियों को पकड़ने हर थाना क्षेत्र में अलग से टीम बनाई गई है। साथ ही मुखबिरों को भी अपटेड कर सूचना एकत्रित किया जाता है। उसके बाद टीम बताए घटनास्थल पर दबिश देने पूरी तैयारी के साथ पहुच रही है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

## पांच थाना क्षेत्र से ब्राउनशुगर और चिट्टा भी बरामद

ट्विनसिटी में नशे के कारोबारियों को पूरी तरह खत्म करने के लिए अभियान को तेज किया गया है। जिसके तहत जिले के पांच थाने ऐसे है, जिसमें ब्राउन शुगर, चिट्टा जैसे नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई की गई है। साथ ही साथ ब्राउन शुगर के तीन मामले में तीन आरोपी, चिट्टा में दो आरोपी, गांजा के 9 प्रकरण में 15 आरोपी साथ ही प्रतिबंधित नशीली दवाईयों के 4 प्रकरण में 4 आरोपियों को पुलिस ने जेल का रास्ता दिखाया है। कुल मिलाकर नशे से जुड़े कारोबारियों में 19 प्रकरण में 24 आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। सभी पर पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## गृहमंत्री के फरमान का दिखने लगा असर



## अफसरों की बड़ी टीम भी

नशे के कारोबारियों पर नखेल कसने के लिए एसएसपी राम गोपाल गर्ग, एएसपी शहर अभिषेक झा, ग्रामीण एएसपी अनंत साहू के मार्ग दर्शन में क्राइम एएसपी डॉ अनुराग झा, सीएसपी आशीष बंछोर,विश्व दीपक त्रिपाठी, मणीशंकर चंद्रा, एसडीओपी पाटन देवांश सिंह राठौर, एसीसीयू प्रभारी नरेश पटेल समेत अन्य अफसरों ने नशे के खिलाफ कमर कस लिया है। इन अफसरों की टीम ने जिले से पूरी तरह नशे के कारोबारियों को जेल का रास्ता दिखाने में अहम भूमिका निभा रहें है।

## नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई



नशे के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान जारी है। अब तक पुलिस 24 आरोपियों को जेल तक पहुचाया है।इसके अलावा 42.25 लाख रुपए का सामान भी आरोपियों से पुलिस ने जप्त किया है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। जिला को नशा मुक्त करना है। इसके लिए नागरिकों को भी आगे आने की अपील की जा रही है।

**-अभिषेक झा,** एएसपी

## खबर संक्षेप

### ठेकेदार की मौत:2 युवक व अपचारी गिरफ्तार

**भिलाई।** मजदूर और ठेकेदार के बीच मारपीट हुआ। इस दौरान मजदूरों ने लाठी हाथ मुक्के से ठेकेदार पर प्राणघातक हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। जिससे उपचार के बाद ठेकेदार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दो युवक और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। पुलगांव टीआई तपेश्वर सिंह नेताम ने बताया कि बलौदा बाजार निवासी दिनेश यादव और आरंग ओमनारायण यादव समेत अपचारी बालक को पकड़ा गया है। मजदूर और ठेकेदार संतोष शर्मा बैठकर खाना खा रहे थे। इस दौरान आपस में विवाद हुआ उसके बाद दोनों युवक व अपचारी बालक ने संतोष पर हमला कर फरार हो गए थे।

### वारदातों को रोकने एसएसपी ने ली बैठक

**भिलाई।** चाकूबाजी एवं अन्य हिंसात्मक वारदातों को रोकने दुर्ग पुलिस ने कमर कस ली है। सार्वजनिक स्थलों पर धारदार हथियार लेकर घूमने वाले संदग्धि तत्वों पर नजर रखकर कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में वरष्ठि पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग ने अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक लेकर हिदायत दी है। श्री गर्ग अधिकारियों को इस दिशा में अपने सूचना तंत्र को मजबूत करने की सलाह भी दी है। एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने बीती रात रात्रि पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में जिले के राजपत्रित अधिकारियों और एसीसीयू की टीमों की बैठक लेकर चाकूबाजी एवं हिंसात्मक घटनाओं की रोकथाम किए जाने सख्त निर्देश दिया। उनके द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर बिना किसी खास वजह के भ्रमण करने, धारदार हथियार लेकर घूमने वाले संदिग्धों पर निगाह रखकर कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में एएसपी शहर अभिषेक झा, क्राइम एएसपी डॉ अनुराग झा, सीएसपी छावनी आशीष बंछोर, एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल निरीक्षक प्रभारी जिला विशेष शाखा मोनिका पाण्डेय, थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश शर्मा, थाना प्रभारी खुर्सीपार निरीक्षक उमेन्द्र टण्डन समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

विंडबना : आरटीई में प्रवेश को लेकर नया बखेड़ा

# शिक्षा विभाग के पास आरटीई प्रवेश की विधिमान्य सूची नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हरिभूमि पड़ताल

प्रदेश में गरीब बच्चों को शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश को लेकर विवादास्पद स्थिति बन गई है। आरटीई नियम के हिसाब से ग्रामीण क्षेत्र के बीपीएल परिवार के बच्चों के लिए वर्ष 2002 और शहरी क्षेत्र के लिए वर्ष 2007 की सर्वे सूची मान्य की गई है लेकिन जो दाखिले दिए जा रहे हैं उनमें सामाजिक , आर्थिक और जातिगत जनगणना 2011 को आधार बनाया गया है। इस वजह से 25 से 30 प्रतिशत अयोग्य बच्चों का प्रवेश नियम विरूद्ध माना जा रहा है। ऐसे बच्चों का प्रवेश निरस्त करने की मांग भी लोक शिक्षण संचालनालय से की गई है। प्रदेश में 46 हजार बच्चों का एडमिशन शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में दिया गया है। इनमें से करीब 16 हजार बच्चों का प्रवेश को लेकर पेंच सामने आया है।

## पड़ताल में यह बात आई सामने

1 शहरी क्षेत्र के बच्चों को आरटीई में प्रवेश दिया गया है उनमें शहरी जनगणना पत्रक के आधार है। यानी जनगणना सूची ही नहीं बनी है। ऐसी स्थिति में नियम के हिसाब से जनगणना पत्रक मान्य ही नहीं होता।

2 आरटीई प्रवेश नियम में आवेदकगणों को एक कमरे का कच्चा घर होना चाहिए। जिन बच्चों को प्रवेश दिया गया है उनका एक कमरे का कच्चा घर ही नहीं है। उसके बाद भी प्रवेश दिया गया है।

3 आरटीई प्रवेश नियम कहता है कि भूमिहीन परिवार जो अपनी कमाई दिहाड़ी मजदूरी से करते हैं। उनके बच्चों को प्रवेश देना है। लेकिन ऐसे बच्चों को प्रवेश दिया गया है जिनके माता-पिता के पास जमीन भी है और वे दिहाड़ी मजदूरी भी नहीं करते।

### डीपीआई द्वारा जांच के आदेश पर विभाग के अधिकारी मौन

लोक शिक्षण संचालनालय ने वर्ष 2011 में हुए सामाजिक, आर्थिक और जाति जनगणना आधारित परिवार के बच्चों को प्रवेश देने के मामले में जांच के आदेश जिला शिक्षा विभाग दुर्ग को दिए हैं। जिला शिक्षा विभाग ने इस शिकायत की जांच के लिए दुर्ग बीईओ को जांच अधिकारी बनाया। चार महीने हो गए अब तक दुर्ग बीईओ ने जांच नहीं की है। इस तरह इस मामले को जानबूझ कर टाला जा रहा है। आरटीई में नए सत्र में प्रवेश प्रक्रिया भी शुरु होने जा रही है।



*नोट- यह पड़ताल ट्विनसिटी के सात नामी स्कूलों के आरटीई प्रवेश बच्चों के दाखिले के संबंध में प्राप्त दस्तावेज के आधार पर है।*

### डीईओ ने भी माना है कि विधिमान्य सूची नहीं

दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी ने जनचौपाल की शिकायत पर कलेक्टर दुर्ग को जानकारी भेजी है। इस जानकारी में भी जिला शिक्षा अधिकारी ने यह माना है कि विभाग के पास कोई विधिमान्य सूची नहीं है। इसलिए स्थानीय निकाय के सक्षम अधिकारी से अभिप्रमाणित कर आवेदन जमा करवाए गए। आवेदनों का परीक्षण किया गया। नोडल द्वारा परीक्षण कर पात्र व अपात्र की श्रेणी में रखा गया और प्रवेश दिया गया। डीईओ ने यह भी कहा है कि शासन से कोई नया निर्देश प्राप्त होता है तो उस हिसाब से बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया तय की जाएगी।

डीएफएम फंड का मामला

## आत्मानंद स्कूलों में गार्डन निर्माण की जांच के आदेश

■ प्रत्येक स्कूलों को डीएफएम फंड से 3-3 लाख रुपए दिए गए


स्वामी आत्मानंद स्कूलों में गार्डन बनाने के नाम पर डीएमएफ फंड में की गड़बड़ी

**भिलाई।** दुर्ग जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों उद्यान निर्माण के नाम पर गड़बड़ी की जांच के आदेश दिए गए हैं। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। जिला प्रशासन ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों में गार्डन बनाने के लिए एक स्कूलों को डीएमएफ फंड से 3 लाख रुपए दिए थे। इस फंड का इस्तेमाल स्कूलों ने मनमानी तरीके से की। कच्ची मिट्टी ढुलाई के रेट में भारी अंतर से भुगतान किया गया। गमले और पौधे खरीदी में भी गड़बड़ी की गई। सभी स्कूलों ने फंड का खर्च करने में एकरूपता नहीं दिखाई और न ही कोई कोटेशन लिया। जीएसटी बिल के बजाय लोकल बिल को मान्य कर प्राचार्यों ने भुगतान कर दिए। जिससे शासन को भी टैक्स में चूना लगाया गया।

पाटन-अंडा का मामला

# ट्रांसफार्मर से तांबा पार करने वाले गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्रांसफार्मर से तांबा और क्वाइल पार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ट्रांसफार्मर के सामान और क्लाईल चोरी करने वाले आरोपी थाना कुरूद जिला धमतरी हाल हिरापुर थाना कबीर नगर जिला रायपुर निवासी कामता उर्फ राजा दास , ग्राम लमकेनी थाना अभनपुर रायपुर कुलदीप यादव, ग्राम किशनागरपुर पोष्ट पहाड़पुर थाना दोस्तपुर जिला सुलतानपुर यूपी हाल ही में वार्ड 1 जरवाय रोड हिरापुर कबीर नगर रायपुर सोनू पांडेय उर्फ उमापति को घेराबंदी कर सब्जी बाडी से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि ठकुराईटोला नंदी किनारे में लगे ट्रांसफार्मर के तांबे का तार को चोरी किया। सामान को आटो सीजी 04 एमएस 3683 और पाना पेचकस को छोड कर मौके से फरार होना स्वीकार किया। आरोपी अभी तक दुर्ग, रायपुर ,धमतरी ,महासमुंद ,राजनांदगांव ऐरिया में घुम-घुम कर ट्रांसफार्मर और उसके भीतर लगे क्वाईल की चोरी कर रायपुर के बबलू कबाडी के पास बेचना स्वीकार किया। 15 दिन पूर्व अंडा थाना क्षेत्र के नदी से लगा हुआ गांव में भी ट्रांसफार्मर के क्वाईल को पार करना बताया है। आरोपियों से पुलिस ने सामान बरामद किया है। कार्रवाई में पाटन निरीक्षक राजकुमार लहरे ,उप निरी. जे.डी. कुरैशी , उप निरी सी.आर.ठाकुर, सउनि चंद्रशेखर सोनी , आरक्षक राजकुमार चंद्रा समेत अन्य पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

## नगर कीर्तन...



**भिलाई।** गुरु गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष्य में सिक्ख समुदाय ने रविवार को नगर कीर्तन निकाली। नगर कीर्तन कोहका गुरुद्वारा से शुरु हुई। जो कैंप, पावर हाउस, नंदिनी रोड, सेक्टर-1 होते हुए सेक्टर-6 गुरुद्वारा पहुंची। नगर कीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया। गतका प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा।

# नशीली दवा बेची, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ वैशालीनगर थाना क्षेत्र की घटना

नशे के दवा के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मकान नंबर 33 वैशाली नगर निवासी सुरेन्द्र पाल सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने एक्टिवा सीजी 04 केडी 0399 से राजीव नगर स्थित सार्वजनिक मंच के पास पहुंचकर नशा का दवा बेच रहा था। पुलिस ने सुरेन्द्र को तुरंत पकड़ लिया। उसके पास से पुलिस ने 1125 नगर अलप्राजोलेम नशीली दवा जप्त किया है। जिसकी कीमत 8 हजार रुपए आंकी गई है। नगदी रकम व एक्टिवा समेत मशरुका 1 लाख 4 हजार रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा समेत एसीसीयू का योगदान रहा है।

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 7 लाख की ठगी

**भिलाई।** पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि हुडको निवासी शैलेष कुमार मालवीय को उसे पार्ट टाइम जॉब के नाम पर टेलीग्राम ऐप पर मैसेज आया। जिसमें बताया गया था कि यात्रा ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड के साइड में अपना आईडी बनाकर पार्ट-जॉब शुरु कर सकते हैं। इसके झांसे में आकर साइड में पीड़ित चला गया। यात्रा ऑनलाइन प्रा.लि. के प्लेटफार्म में जाकर पीड़ित ने 7 लाख 6 हजार 584 रुपए ठगी का शिकार हो गया।


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
* 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
* टोटल हाल मार्क जेवर
* स्पेशल पर्स, बैग फ्री
* रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


विधायक ललित, सीएम साय के दामाद तिमिरेंदु शेखर सिंह ने किया शुभारंभ

# श्यामाश्याम धाम मंदिर में श्रद्धालुओं ने सुनी गौकर्ण कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नेवईभाठा श्यामाश्याम धाम मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णूदेव साय के दामाद तिमिरेंदु शेखर सिंह , विधायक ललित चंद्राकर ने किया। इस मौके पर दलबीर सिंह, हरदिका कौर, कश्मीर, संगीता, सोनू कौर, धर्मा डॉ. आरके शर्मा, रागिनी शर्मा, नंदू कश्यप, अरुण कश्यप, सीमा कश्यप, टिकेंद्र ठाकुर, संजय राय, विजय सोनी, तारिणी कश्यप, केसरी पवार, शालू, गजेन्द्र, ज्योति साहू, पंडित राजू तिवारी, रेखा तिवारी, मेघा आदि मौजूद थे। कथा के पहले दिन कथावाचक पं. राजेश शर्मा रनचिरई वाले महाराज ने गौकर्ण और धुंधकारी की कथा का रसपान कराया। कथावाचक ने बताया कि तुंगभद्रा नदी के तट पर आत्मदेव नामक एक व्यक्ति रहता था। उसकी पत्नी का नाम धुंधुली था। वह झगड़ालू किस्म की थी। संतान न होने के कारण पति परेशान रहता था। बुढ़ापे में संतान का मुख देखने को नहीं मिलेगा तो पिंडदान कौन करेगा। कथा 22 जनवरी तक चलेगी।





श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए पं. राजेश शर्मा।

पं. शर्मा ने कहा कि वह आत्मदेव दुखी मन से आत्महत्या के लिए कुआं में कूदने वाला था तभी एक ऋषि ने उसे बचा लिया। ऋषि ने पूछा क्यों आत्महत्या करने जा रहे हो। इसके बाद ऋषि की बात को सुनकर आत्मदेव ने कहा ऋषिवर मेरे एक भी संतान नहीं है। इसके अलावा मैंने गाय पाल रखी है। गाय के भी संतान नहीं है। इस कारण आत्महत्या करने का कदम उठाया। यह सुनकर ऋषि ने अपने थैले से फल निकालकर कहा कि तुम यह फल अपनी पत्नी को खिला देना, इससे एक संतान की प्राप्ति होगी।

### भागवत से मिली प्रेत योनि से मुक्ति

पं. शर्मा ने बताया कि घर जाकर आत्मदेव ने फल अपनी पत्नी को दिया लेकिन उसने अपनी बहन की बात में आकर फल गाय को खिला दिया। कुछ दिन के बाद धुंधुली को उसकी बहन ने बच्चा दे दिया। इसके बाद संतान को देखकर आत्मदेव बड़ा खुश हुआ। बच्चे का नाम एक विद्वान पंडित ने धुंधकारी रख दिया। इसके बाद गाय ने भी एक बच्चे को जन्म दिया जो मनुष्याकार था पर उसके कान गाय के समान थे। उसका नाम गोकर्ण रख दिया। गोकर्ण और धुंधकारी दोनों गुरुकुल गए। धुंधकारी वेश्याओं के साथ रहने लगा। वेश्याओं ने एक दिन धुंधकारी को मार डाला। मरने के बाद धुंधकारी भूत-प्रेत बन गया। धुंधकारी का भाई अपने घर में सोया रहता था, तभी प्रेत धुंधकारी ने आवाज लगाई कि भाई मुझे इस योनि से छुड़ाओ। गौकर्ण त्रिकाल संध्या की पूजा करते थे। तभी सूर्यनारायण भगवान से पूछते हैं कि इसके लिए क्या उपाय करना पड़ेगा। सूर्यनारायण ने कहा कि तुम सात गांठ बांस मंगाओ और भागवत का आयोजन करो। हर दिन बांस की गांठ धीरे-धीरे फट जाती है, जो सात दिन फटती है। तब पवित्र होकर धुंधकारी एक दिव्य रूप धारण करके सामने खड़ा हो जाता है।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी केंद्र सेलूद में किया पौधारोपण

**सेलूद।** मकर संक्राती के अवसर पर समाजिक समूह के सदस्य मनोज देवांगन के जन्मदिन पर धान खरीदी केंद्र सेलूद में आम के पौधे का रोपण किया गया। समूह द्वारा धान खरीदी केंद्र सेलूद में लगभग चार सौ पौधे लग चुके है जो अब पेड़ बनने के साथ फल व फुलो से पल्लवित हो रहे है। धान खरीदी केंद्र सेलूद में पौधारोपण के अवसर पर सेक्टर वन साख समिति के अध्यक्ष जवाहर वर्मा, पाटन जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे, सुरेंद्र शर्मा, अजय राजपूत, बलराम वर्मा, त्रिभुवन यदु, झम्मन यदु, कीर्तन देवांगन, नंद ठाकुर, होमेश यदु, ईशु साहू, कीर्तन देवांगन, विकास साहू, किशन वर्मा, अंकित साहू उपस्थित थे।

## निधन

### तिजिया बाई साहू

**अंडा।** ग्राम रिसामा निवासी फगवा राम साहू की पत्नी पूर्व जनपद



सदस्य तिजिया बाई साहू उम्र 75 वर्ष का निधन 14 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. पिलेश्वर साहू की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर चली गई है।

### आनंद राम चंद्राकर

**सेलूद।** ग्राम गोंडपेंड्री निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक आनंद राम



चंद्राकर उम्र 80 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम गोंडपेंड्री के मुक्तिधाम में किया गया। वे दीनबंधु चंद्राकर के भाई व प्रहलाद, टोमन चंद्राकर के पिता थे। वे अपने पीछे अपना भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### सुनीति गोवर्धन

**भिलाई।** गुरुद्वारा स्टेशन रोड दुर्ग निवासी सुनीति गोवर्धन का निधन



14 जनवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार हरनाबाँधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. रामराव गोवर्धन की पत्नी एवं डॉ. अजय गोवर्धन, विजय गोवर्धन, कल्पना वैद्य की मां थीं।

### यशवन्त देवजी सोलंकी

**भिलाई।** सदर बाजार दुर्ग निवासी



यशवन्त देवजी सोलंकी उम्र 75 वर्ष का निधन 14 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 जनवरी सोमवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे चन्द्रशेखर, बसंत सोलंकी के पिता थे। वे अपने पीछे अपना भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# अपने मामा का वध कर कृष्ण ने किया था कंस का उद्धार: आचार्य संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्री राम भद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह के छठवें दिवस कथावाचक आचार्य संदीप तिवारी ने श्री कृष्ण के माखन चोरी लीला, वृंदावन गमन, गोवर्धन लीला, मथुरा गमन, कंस वध, उद्धव चरित्र, रुकमणि मंगल की कथा विस्तार से बताई। सोमवार को कथा सुबह 9 बजे से होगी। जिसके बाद दोपहर 1 बजे से महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। सम्प्रति सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा को सुनने प्रतिदिन सैंकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महारास के संदर्भ में आचार्य ने कहा कि आजकल लोग रासलीला का अलग ही मतलब निकालते है जो कि सरासर गलत है। जबकि आत्मा से परमात्मा का मिलना ही महारास कहा गया है। यह जो रास है वह वासना रहित है इसलिए तो उजाली रात को भगवान ने महारास रचाया था। वासना रहित महारास होने के कारण ही भगवान शिव भी इस महारास लीला में उपस्थित हुए थे। कृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर उसका उद्धार किया। कृष्ण द्वारा मथुरा छोड़कर समुद्र के बीच एक नगरी का निर्माण किया गया जिसका नाम द्वारिका पुरी पड़ा और द्वारिकापुरी के राजा होने के कारण इनका एक नाम द्वारिकाधीश पड़ा।

## आत्मा से परमात्मा का मिलन ही है महारास, वासना रहित महारास में कृष्ण के दर्शन करने पहुंचे थे शिव

### सात दिन भूखे रहने के कारण लगाते है प्रभु को 56 भोग

रविवार को आचार्य संदीप तिवारी ने कृष्ण लीला को बताते हुए गोवर्धन पर्वत से ब्रज की रक्षा करने के बाद 56 भोग लगाने का अर्थ बताते हुए गोपियों संग महारास लीला का सविस्तार वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता यशोदा प्रभु को कुछ ना कुछ खिलाया करती थी लेकिन गोवर्धन पर्वत को सात दिन बिना कुछ खाये पिये अपनी एक ऊंगली से उठाये रखने के कारण माता ने वात्सल्य भाव के साथ आठ पहर का भोग को सातों दिन मिलाकर एक साथ 56 पहर का भोग खिलाया था इसलिए कथा के दौरान श्री कृष्ण को 56 भोग लगाया जाता है।



### आज होगा भागवत कथा सप्ताह का विश्राम

भागवत कथा सप्ताह का आज विश्राम दिवस होगा। जिसमें सुदामा चरित्र, कृष्ण पत्नियों का राधा रानी से मिलन, उद्धव शोक, यदुवंश विनाश, दत्तात्रेय कथा, परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सविस्तार बताया जाएगा।

### चिंगरी में गायत्री यज्ञ

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में ग्रामीण व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री यज्ञ पावन प्रज्ञा पुराण कथा का तीसरे दिन सुबह 8 से 11 बजे तक यज्ञ में ग्रामीण व गायत्री परिवार मन्त्रोंचार के साथ जन कल्याण परिवार कल्याण व समाज कल्याण के लिए आहुति दी। दोपहर 1 से शाम तक पावन प्रज्ञा पुराणकथा हुआ। प्रवचनकर्ता सुरेश दीन व ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## रामभक्तों का संदेश पहुंचाने रथ में डाल सकेंगे अपनी चिट्ठी

# एक चिट्ठी सिया राम के नाम शोभा यात्रा में हनुमान रहे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

22 जनवरी को आयोध्या में हो रहे राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सनातन हिन्दू धार्मिक भावनाओं को प्रेरित करने मनोज राजपूत लेआउट्स द्वारा एक चिट्ठी सिया राम के नाम का आयोजन कर भव्य शोभा यात्रा दुर्ग से निकाली गई। यह धार्मिक शोभा यात्रा दुर्ग में ग्रीन चौक से शाम 4 बजे प्रारंभ हो कर पुराना बस स्टैंड पहुंचा। इस दौरान 221 पंडित, घोड़े, रथ बग्घी, सुसज्जित भव्य झांकी, सारंगा, ढोल-ताशा, बाहुबली हनुमान और साथ ही धुमाल के साथ क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों से यात्रा निकली। पूरा माहौल रामभक्ति में डूबा रहा। इस शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ी लोक गायिका आरू साहू के मधुर भजन चल रहे थे तो वही दिल्ली से आये बाहुबली मानव रूपी हनुमान लोगो के आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजक मनोज राजपूत ने बताया कि इस धार्मिक शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य सभी राम भक्तों को अपनी मनोकामना श्रीराम के चरणों तक पहुँचाने एक चिट्ठी सिया राम के नाम का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत जो रामभक्त आयोध्या धाम नहीं पहुँच पा रहे है, उनके लिए 13 से 20 जनवरी तक एक चिट्ठी सिया राम जी के नाम की गाड़ी छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में घुमायी जायेगी, जिसमे सभी रामभक्त अपनी प्रार्थनारूपी चिट्ठी लिखकर इस रथ में डाल सकते है और मनोज राजपूत लेआउट्स में भी चिट्ठी लिखकर दिया जा सकता है और यह सभी चिट्ठियां व संदेश इस गाड़ी के माध्यम से सूर्यवंशी श्रीराम जन्मभूमि आयोध्या भेजा जायेगा। इन वाहनों में लगे एलईडी स्क्रीन में भगवान राम के भजनों का प्रदर्शन करते हुए पुरे छत्तीसगढ़ में चिट्ठी रूपी मनोकामना इकट्ठा की जायेगी, जिसे सम्मानपूर्वक आयोध्या पहुँचाया जायेगा।

### छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचेगी राम रथ



# दीपावली मनाते हुए 22 को जगमगाएगा जामगांव आर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी जगह दीपावली मनाने विभिन्न संगठनों की महिलाएं घर घर में पीले चावल व राममंदिर के चित्र पत्रक देकर समीप के मंदिरों में आने निमंत्रण दे रही है। इसी कड़ी में निमंत्रण देने पहुंची यादव समाज जामगांव आर सर्किल अध्यक्ष उर्मिला यादव, भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, पूर्व उपसरपंच मालती साहू, मां बम्लेश्वरी समूह सचिव ज्ञानेश्वरी साहू, प्रगति समूह सचिव पुष्पा बाग, मां कर्मा समूह अध्यक्ष सुरुचि साहू, उपासना समूह अध्यक्ष खिलेश्वरी साहू, आस्था समूह सदस्य धनेश्वरी साहू शामिल रही।

- कलामंच जामगांव आर में रंगोली सहित विविध सजावट होगी

यादव समाज सर्किल अध्यक्ष उर्मिला यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी ने कहा कि 500 साल बाद अनेकों राम भक्तो की कुर्बानियों के बाद 22 जनवरी को पावन अवसर भगवान राम भक्तों को मिला है। जीवन में यह पहला अवसर है की एक वर्ष में दो बार दीपावली मनाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

पूर्व सरपंच मालती साहू, सुरुचि साहू, खिलेश्वरी साहू ने बताया कि 22 को प्रत्येक घर दियो से जगमगा उठेगा। कलामंच जामगांव आर में रंगोली सहित विविध सजावट होगी और महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण ग्राम समिति द्वारा किया जायेगा।

# सशिमं की अभिनव पहल, बच्चों के साथ माताओं ने जमकर खेले खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में शिशु वाटिका के तहत कक्षा अरुण उदय प्रथम एवं द्वितीय तक के छात्र-छात्राएं व माताओं ने उत्साह के साथ विविध प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

- सर्वांगीण विकास का भरपूर प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है सशिमं

माताओ ने रंगोली, मेंहदी, कुर्सी दौड़, फुग्गा फुलाओं में भाग लिया तो बच्चों ने पांचों सामूहिक नृत्य, मेढ़क, जलेबी, 50 मीटर दौड़, बास्केट बाल, फुगड़ी, चम्मच दौड़ आदि में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभाशाली माताओं एवं बच्चों को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दुर्ग जिला संघ चालक गंगाधर राव जाधव ने सम्मनित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। अरुण उदय प्रथम, द्वितीय के बच्चों ने मनमोहक ग्रुप नृत्य कर मंत्र मुग्ध किया।

उपस्थित ललिता बंजारे, डामिन सिन्हा, राधिका चंद्राकर, ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षा में संस्कार और सर्वांगीण विकास की पहल उज्वल भविष्य की ओर ले जाती है। 32 वर्षो से क्षेत्र में संस्कार और शिक्षा की जो बयार चली है वह काबिले तारीफ है गांवो में संस्कार के गिरते स्तर से बहुतायत माता पिता परेशान है। उन्होंने कहा कि विद्यालय ही सर्वांगीण विकास का प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है जिसमे यह विद्यालय खरा उतरने में सतत प्रयासरत दिखती है।



### यह रहे विजेता

कुर्सी दौड़ में ललिता बंजारे, मेंहदी में भावना साहू, फूग्गा स्पर्धा में ललिता बंजारे को पुरस्कृत किया गया। भावना साहू, मीना साहू, अंजली मार्कण्डेय, पूजा मंडावी, डामिन सिन्हा, गूंजा चंद्राकर, हेमलता मार्कण्डेय, गोदावरी ठाकुर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। अरुण व उदय प्रथम व द्वितीय के प्रतिभाशाली बच्चे विविध खेलो में सम्मानित किए गए।

### अटल टिंकरिंग लेब का निरीक्षण किया

लेब प्रभारी पवन बंछोर ने माताओं को बताया कि बच्चो में वैज्ञानिक सोच जागृत करने के लिए केंद्र सरकार नीति आयोग ने यह सुविधा उपलब्ध कराया है जो गिने चुने स्कूलों में ही उपलब्ध है।

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डॉ. मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने की। विशेष अतिथि पद्मश्री डॉ. राधेश्यम बारले, जोगेश्वर सोनी उपस्थित थे। छात्र संघ प्रभारी प्राध्यापक डॉ. चन्दना बोस ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीडी सोनकर ने महाविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। ठाकुर ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय को क्षेत्र की बेटियों के लिए वरदान बताया। विधायक डोमनलाल ने कहा कि युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगबिरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसमें समूह नृत्य, एकल नृत्य, एकल गायन, नाटक आदि विधाओं में कलाओं का मंत्रमुग्ध प्रदर्शन किया गया। मंच संचालन गजेन्द्र कश्यप एवं डॉ.रमेश मेश्राम द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आरके मिश्रा, डॉ. शशि कश्यप, डॉ. भावना माहुले, डॉ. संजय परगनीहा, विनीता परगनीहा, खुशबू शर्मा, जैनेंद्र पांडेय, केके वर्मा एवं अंकिता का विशेष योगदान रहा ।




# मंडई व डांस प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

खारुन नदी तट पर बसे ग्राम केसरा में भव्य मड़ई एवं डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रथम दिवस कविता वासनिक कृत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम, द्वितीय दिवस में शिव शक्ति युवा मंडल एवं ग्रामवासी के सहयोग से राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अशोक साहू उपाध्यक्ष जिप दुर्ग, दिनेश साहू सभापति जप, भागवत सिन्हा सरपंच, एन आर सिन्हा, डॉ ईश्वर निषाद अध्यक्ष ब्लॉक, अशोक साहू सरपंच तरीघाट ने छग महतारी, मां सरस्वती की पूजा अर्चना कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर तेज राम सिन्हा, हरिनाथ सिन्हा, लक्की सिन्हा, शेखर सिन्हा, नारद सेन, मनहरन सिन्हा, सूरज शर्मा, गुलशन पटेल, राजेश सिन्हा, शेखर, रोशन सिन्हा, संतू सिन्हा, नरेश देवांगन, नारायण सिन्हा, बसंत साहू, सोहन सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, रूप सिन्हा आदि उपस्थित थे।



- मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप, दिनेश साहू सभापति ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ




## बिजनेस साइट

### सेंट थॉमस महाविद्यालय का रासेयो शिविर पाउवारा में आयोजित

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा भिलाई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पाउवारा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 13 जनवरी को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पाउवारा के सरपंच वामन कुमार साहू थे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र इखार ने स्वागत उद्बोधन में सात दिवसीय शिविर की तिथिवार गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने सभी स्वंयसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शिविर के दौरान अनुशासन में रहने और सावधानीपूर्वक कार्य करने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार यादव प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाउवारा ने कहा कि आप सभी स्वयंसेवकों को गांव के प्राकृतिक वातावरण का लाभ प्राप्त होगा। कृषि जनपद पंचायत दुर्ग के सभापति राकेश हिरवानी ने ग्राम पाउवारा में कैंप लगाने के लिए स्वयंसेवकों को अपनी शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि वामन कुमार साहू ने सभी छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि शिविर में आपको पंचायत एवं सभी जनप्रतिनिधियों का पूरा सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन स्वंयसेविका भाविनी वर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र इखार ने दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अनुपमा गंगराड़े, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।





### मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले द्वारा स्वामी विवेकानंद के सन्देश उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक तुम अपने लक्ष्य को नहीं प्राप्त कर लेते के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले, नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष दामोदर चक्रधारी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष केवल देवांगन, भाजयुमो मध्य मंडल महामंत्री सागर सोनी, भाजयुमो मध्य मंडल उपाध्यक्ष मिलन देवांगन, महाविद्यालय सांसद प्रतिनिधि नितेश तिवारी, सरजू मरकाम, डीकेश भीमगज, जागेश्वर देशलहरे सहित महाविद्यालय के अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### मुख्य सचिव ने की धान खरीदी की समीक्षा

दुर्ग। प्रदेश शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टरों से धान खरीदी व्यवस्था के सम्बंध में समीक्षा की। जिला कार्यालय के एनआईसीवीसी कक्ष में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, खाद्य नियंत्रक सीपी दीपंकर एवं नान व सहकारिता विभाग सीसीबी और मार्कफेड के अधिकारी मौजूद थे। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि अधिकारी जिले के सभी उपार्जन केंद्रों का सप्ताह में दो, तीन बार जांच कराए। फर्जी धान खरीदी, कोचिये या व्यापारी का धान समिति में नहीं आना चाहिए। धान की रिसाइक्लिंग नहीं होना चाहिए। धान का उठाव मिलर्स द्वारा समय पर कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसानों के रकबा समर्पण पर फोकस करें।

### नेत्र व त्वचा दान कर निभाई सामाजिक दायित्व



दुर्ग। महाराष्ट्र मंडल एवं आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ अजय गोवर्धन की माता श्रीमती सुनीति गोवर्धन के निधन के पश्चात उनकी त्वचा एवं नेत्रदान कर गोवर्धन परिवार ने अपना सामाजिक दायित्व निभाया। माताजी के निधन के पश्चात पुत्र अजय गोवर्धन, विजय गोवर्धन, पुत्री कल्पना वैद्य, बहु डॉ अनुभा गोवर्धन व ममता गोवर्धन ने आपसी सहमति से त्वचा व नेत्रदान का निर्णय ले नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों को जानकारी दी। जेएलएन हॉस्पिटल के डॉ उदय कुमार, संध्या, विनीत कुमार, राजेश, दीपक ने डॉ गोवर्धन के निवास पहुंच त्वचा व श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ पुष्पेंद्र लहरे ने कार्निया कलेक्ट किया।

### कुम्हारी और भिलाई के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग का चलेगा काम

# रायपुर-दुर्ग के बीच 21 और 22 जनवरी को 13 लोकल ट्रेनें रद्द

**दुर्ग।** रेलवे रायपुर-दुर्ग सेक्शन में कुम्हारी और भिलाई के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग और अपफोडेशन, इंटरलॉकिंग कार्य कराने जा रहा है। जो 21 जनवरी को सुबह 9 बजे से शुरू होकर 22 जनवरी को शाम 6 बजे तक चलेगा। इस दौरान 13 लोकल ट्रेनें कैसिल रहेगी तो कुछेक को बीच में ही समाप्त कर दिया जाएगा। ऐसे में रायपुर और भिलाई तरफ के लोगों को या तो एक्सप्रेस ट्रेनों से या फिर बसों से ही आवाजाही करनी होगी।

#### रद्द होने वाली गाड़ियां

गाड़ी संख्या 08701 रायपुर दुर्ग मेमू पैसेंजर, गाड़ी संख्या 08702 दुर्ग रायपुर मेमू, गाड़ी संख्या 08703 रायपुर-दुर्ग मेमू, गाड़ी संख्या 08704 दुर्ग रायपुर मेमू पैसेंजर, गाड़ी संख्या 08707 रायपुर दुर्ग मेमू ये सभी ट्रेने 21 और 22 जनवरी को राह रहेगी। जबकि गाड़ी संख्या 08706 दुर्ग रायपुर मेमू, गाड़ी संख्या 08717 रायपुर दुर्ग मेमू, गाड़ी संख्या 08718 दुर्ग रायपुर पैसेंजर, गाड़ी संख्या 08709 रायपुर डोंगरगढ़ मेमू, गाड़ी संख्या 08710 डोंगरगढ़ रायपुर पैसेंजर, गाड़ी संख्या 08725 रायपुर दुर्ग मेमू, गाड़ी संख्या 08726 दुर्ग रायपुर मेमू, गाड़ी संख्या 08705 रापपुर डोंगरगढ़ मेम पैसेंजर 21 जनवरी को रद्द रहेगी।



#### नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्य तेज गति से किए जा रहे है। इसी कड़ी में अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अयोध्या धाम जंक्शन-अयोध्या कैंट व सलारपुर स्टेशनों के मध्य इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधित कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप गाड़ी संख्या 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी। 18 जनवरी 2024 को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया प्रयागराज- जंघई-वाराणसी-वाराणसी सिटी मार्ग होकर नौतनवा जाएगी। 20 जनवरी 2024 को नौतनवा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी सिटी-वाराणसी-जंघई- प्रयागराज मार्ग होकर दुर्ग आएगी।

#### गंतव्य से पहले समाप्त

21 जनवरी को झारसुगुड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 08862 झारसुगुड़ा गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल बिलासपुर में समाप्त होगी। गाड़ी संख्या 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर गोंदिया के स्थान पर बिलासपुर से झारसुगुडा के लिए चलेगी। गाड़ी संख्या 08706 डोंगरगढ़ विलासपुर मेमू डोंगरगढ़ के स्थान पर रायपुर से चलेगी।

#### गंतव्य से पहले समाप्त

21 जनवरी को झारसुगुड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 08862 झारसुगुड़ा गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल बिलासपुर में समाप्त होगी। गाड़ी संख्या 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर गोंदिया के स्थान पर बिलासपुर से झारसुगुडा के लिए चलेगी। गाड़ी संख्या 08706 डोंगरगढ़ विलासपुर मेमू डोंगरगढ़ के स्थान पर रायपुर से चलेगी।

# रामलला के स्वागत में जलेंगे दीए कुम्हारों को मिल रहे हजारों आर्डर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे देशभर में दीवाली जैसे माहौल होगा। इसके लिए घर-घर से दीए बनाने का आर्डर मिल रहा है। कुम्हारो ने न सिर्फ दुर्ग बल्कि आयोध्या में भी राम के नाम दिए भेज चुके है। वर्तमान में मिल रहे आर्डर के चलते कुम्हारों की व्यस्तता बढ गई हैं।

■ घरों के अलावा स्टेशन रोड के डिवाइडरों में भी जलेंगे दीये

पिछले कई पीढियों से इस कार्य में जूटे इंदिरा नगर मार्केट के टिक्कु कुंभकार बताते हैं कि, ऐसा पहली बार हुआ कि, इतने तादात में दीए और कलश के आर्डर मिल रहे है। उन्होने बताया कि, अब तक आयोध्या में 51 हजार चुकिया कलश और दिए भेजे गए है। इसके आलावा दुर्ग के आदर्श गणेशोत्सव समिति महामाया से 11 हजार कलश, अपोलो कालेज अंजोरा से 11 हजार दिए के आर्डर मिले है। जेवरासिरसा के रवि कुंभकार ने बताया कि, दीए के आर्डर इतने मिल रहे हैं कि, वे आर्डर नही ले पा रहे है। मिलउ कुंभकार, मनोज कुंभकार ने बताया कि, 22 जनवरी के पहले दीए के लिए लोग आर्डर किए है।

#### छोटे-बड़े मंदिरों से मिल रहे आर्डर

टीकू कुंभकार ने बताया कि दुर्गा के स्टेशन रोड के बीच डिवाइडर में भी आगामी 22 जनवरी को दिए जलाए जाएंगे। इसके लिए शहर के व्यापारियों ने दिए के लिए उन्हें आर्डर दिया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा शहर के अन्य छोटे बड़े मंदिरों से भी लगातार दिए बनाने के लिए आर्डर आ रहे हैं। राम जन्मोत्सव के दिन कई मंदिरों से शोभायात्रा भी निकाली जाएगी, जिसके चलते दिए के अलावा कलश बनाने की भी तैयारी जोड़ों पर है।

## कलश यात्रा में 2100 से ज्यादा श्रद्धालु महिलाएं हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग के बघेरा स्थित परमेश्वरी आश्रम में आयोजित शिव महापुराण कथा की कलश यात्रा रविवार दोपहर दो बजे से गुजराती धर्मशाला दुर्ग से निकली। इसमें एक समान परिधान पहनी लगभग 2100 महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा दुर्ग के इतिहास में यादगार थी। इसमें दो घोड़ों को विशेष रूप से सजाया गया था, जो कलश यात्रा के अश्वमेध के प्रतीक थे। इसके बाद लगभग डेढ़ किलोमीटर तक कलश लिए महिलाओं की कतार थी। इस कार्यक्रम में शिव परिवार एवम् शिव गणों की झांकी हृदय स्पर्शी प्रस्तुति किया। राउत नाच की प्रस्तुति शानदार रही। इस कलश यात्रा में पूरे चालीस पंडितों को विशेष अतिथि के रूप में कलश यात्रा के आरंभ में रखा गया था। इसके बाद पोथी यजमानों ने पोथी को लेकर तथा छत्र से आच्छादित कर कथा स्थल तक पद यात्रा किए।

## कलेक्टर ने मिलरों को चावल जमा व तत्काल परिवहन करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में समिति प्रबंधकों एवं राईस मिलरों की बैठक ली। उन्होंने मिलरों को धान का परिवहन तत्काल करने के निर्देश दिए। साथ ही मिलरों को सीएमआर कोटे में चांवल जमा करने कहा। बैठक में समिति प्रबंधकों को धान खरीदी हेतु शेष बचे दिन को ध्यान में रखते हुए खरीदी की आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। साथ ही किसानों से रकबा समर्पित करने के लिए प्रोत्साहित करने निर्देशित किया।

■ केवल किसानों का धान खरीदी के निर्देश

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि खरीदी केन्द्रों में कोचियों एवं बिचौलियों का धान समिति में ना आने पाए केवल किसानों का ही धान खरीदी पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों एवं धान खरीदी हेतु नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों की जाँच करने निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके जोशी, खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर, जिला विपणन अधिकारी भौमिक बघेल, उप पंजीयक अवधेश मिश्रा एवं विपणन अधिकारी हृदेश शर्मा, सहायक खाद्य अधिकारी टीएस अत्री सहित शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक एवं राइस मिलर्स उपस्थित रहे।















## खबर संक्षेप

### रात्रिकालीन मोहल्ला क्रिकेट स्पर्धा आज से

**भिलाई।** स्व. कृष्णा चौधरी स्मृति रात्रि कालीन मोहल्ला क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को शांति नगर दशहरा मैदान में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता वैशाली नगर के समस्त वार्डों के मध्य आयोजित की जाएगी। वार्ड में निवासी व्यक्ति किस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। प्रथम चरण में नॉकआउट मैच खेला जाएगा। द्वितीय चरण में लीग मैच खेले जाएंगे। लीग मैचों में वार्ड के बाहर से दो खिलाड़ी खिला सकते हैं। समस्त खिलाड़ियों को टी-शर्ट समाजसेवी फकरुद्दीन द्वारा दिया जाएगा। पहला मैच वार्ड- 23 घासीदास नगर एवं वार्ड-5 कोसानगर के मध्य, दूसरा मैच वार्ड-8 कृष्णा नगर एवं वार्ड-11 फरीदनगर के मध्य, तीसरा मैच वार्ड-18 कॉन्ट्रैक्टर कॉलोनी एवं वार्ड-14 शांति नगर के मध्य खेला जाएगा। पहले चरण के मैच 8 ओवर के खेले जाएंगे।

### कामर्स गुरू खुब्बी सर को मिली नई जवाबदारी

**भिलाई।** विधायक रिकेश सेन ने



वैशाली नगर विधानसभा में कामर्स गुरू खुब्बी सर को वैशाली नगर क्षेत्र के कोचिंग इंस्टीट्यूट्स का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक रिकेश सेन द्वारा इस संबंध में जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार खूबलाल साहू (खुब्बी सर) वैशाली नगर विधानसभा की सभी कोचिंग इंस्टीट्यूट्स और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संचालित कोचिंग संस्थान सहित ट्यूटर एकेडमी का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यार्थी हित और विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा अनुरूप मार्गदर्शन के आलावा कोचिंग संस्थानों के माध्यम से निर्धन विद्यार्थियों को भी सहयोग प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### संत गाडगे जयंती मनाई जाएगी 25 फरवरी को



**भिलाई।** दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज का बैठक शनिवार को ग्राम पोटिया कला में संपन्न हुआ। जिसमें पोटिया कला डिपरापारा पर क्षेत्र दुर्ग में संत गाडगे जयंती 25 फरवरी को मनाया जाएगा एवं रूहाबांधा भिलाई दुर्ग ग्रामीण परिक्षेत्र का 23 फरवरी को ग्राम नेवई में परिक्षेत्र स्त्रीय मनाया जाएगा एवं 25 फरवरी पोटिया कला दुर्ग में राज स्तरीय दशहरा मैदान पोटिया कला में मनाया जाएगा। बैठक में विष्णु निर्मलकर अध्यक्ष दुर्ग जिला झिरिया धोबी समाज, जीवन निर्मलकर अध्यक्ष दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज, राजकुमार निर्मलकर अध्यक्ष जामुल परिक्षेत्र, गौतम निर्मलकर अध्यक्ष सुपेला परिक्षेत्र, जगदीश्वर निर्मलकर अध्यक्ष पोटिया कला डीपरापारा दुर्ग, विष्णु निर्मलकर अध्यक्ष टेकापार परिक्षेत्र, डॉक्टर प्रेमलाल निर्मलकर अध्यक्ष रूहाबंधा भिलाई, दुर्ग ग्रामीण परिक्षेत्र राजेंद्र रजक, दुर्गा निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

# सीएम साय ने कहा-छत्तीसगढ़ का मान-सम्मान आप लोगों के हाथ

## सीएम ने नई दिल्ली रवाना हो रही झांकी टीम से की चर्चा, दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ की झांकी प्रदर्शित करने 17 लोक कलाकारों का दल प्रख्यात लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय के नेतृत्व में 13 जनवरी को दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। इस दौरान रेलवे स्टेशन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन कलाकारों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर बात की और इनका उत्साह बढ़ाया। रिखी क्षत्रिय के नेतृत्व में यह टीम गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की प्राचीन जनसंसद मुरिया दरबार को प्रदर्शित करने रवाना हुई। जय जोहार के साथ टीम से चर्चा की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ का मान और सम्मान आप लोगों के हाथ में है। लोक कलाकारों का नेतृत्व कर रहे लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने कहा कि आपके आशीर्वचन से सभी कलाकार गदगद हो गए हैं और हम सब अब दुगुने उत्साह के साथ प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने सभी से परिचय प्राप्त किया और सभी को शुभकामनाएं दी।

श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटियों ने हमेशा प्रदेश का नाम ऊंचा किया आज एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड पर पूरे विश्व की दृष्टि हमारे भारतवर्ष पर रहती है। यह एक ऐसा अवसर होता है जहां देशभर की कला संस्कृति से अवगत होने का मौका मिलता है।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की बालिकाओं को नई दिल्ली रवाना होने पर शुभकामनाएं दी।

### गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ झांकी चयन

इन सब बालिकाओं को छत्तीसगढ़ की महान और प्राचीन आदिवासी भारतीय संस्कृति को निरूपित करने का मौका मिला है। इस दौरान जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री साय को अवगत कराया कि देश के 28 राज्यों के बीच कड़ी प्रतियोगिता के बाद छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की आदिम जनसंसद मुरिया दरबार को इस साल नई दिल्ली में होने वाली गणतंत्र-दिवस परेड के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि झांकी की सजावट जनजातीय समाज की शिल्प-परंपरा के 'बेलमेटल और टेराकोटा शिल्पों' से की गई है। बेलमेटल शिल्प का नंदी सामाजिक आत्मविश्वास और सांस्कृतिक सौंदर्य का प्रतीक है। टेराकोटा शिल्प का हाथी लोक की सत्ता का प्रतीक है। इस दौरान रिखी क्षत्रिय व सभी लोक कलाकारों ने मुख्यमंत्री साय का आभार जताया।

## अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व भिलाई में भी तैयारी जोरों पर

# भिलाई शहर भी होगा राममय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय नजदीक आ गया है। एक सप्ताह बाद 22 जनवरी को श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। अयोध्या के साथ ही पूरे देश में इस दिन उत्सव मनेगा। भिलाई शहर भी श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन राममय होगा। इसके लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए जिला स्तर पर समिति के संयोजक व भिलाई निगम उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह पूरी तैयारियों के साथ जुटे हुए हैं।

दया सिंह का कहना है कि 22 जनवरी को शहर के हर घर में दिए जलाएं जाएंगे। इसके लिए भाजपा के सभी मंडलों व वार्डों में बैठकों का दौर जारी है और सभी को जिम्मेदारियां दी जा रही हैं।

दया सिंह का कहना है कि प्रभु श्रीराम अयोध्या की धरती पर प्रतिष्ठित हों यह सपना सदियां पुराना है। हमारे पुरखों द्वारा यह सपना देखा गया था कि रामलला अपने वास्तविक घर में रहे। कई दशक बीते और अब जाकर अयोध्या में प्रभु श्रीराम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। दया सिंह ने कहा कि भारत वर्ष के एक-एक व्यक्ति का सौभाग्य है यह कि वे अपने सामने भगवान राम को अयोध्या में प्रतिष्ठित होता देखने वाले हैं। 22 जनवरी का वह दिन दूर नहीं है जल्द ही रामलला के दर्शन होंगे। इस विशेष पल का और भी विशेष बनाने की तैयारी है।

## जिला संयोजक दया ने ली सभी मंडलों की बैठक, दी गई जिम्मेदारी



### सभी मंडलों में ली गई है बैठक

दया ने बताया कि जब से उन्हें जिम्मेदारी मिली है तब से वे सभी मंडलों में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठकें ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक चरोदा मंडल, खुर्सीपार मंडल, कैंप मंडल, पूर्व व पश्चिम मंडल, सुपेला मंडल की बैठकें की ली गई। सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को भव्य बनाने के संबंध में चर्चा की गई और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी दी गई है। बैठक के दौरान भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया सहित भी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री उपस्थित थे।

### हर घर में जलेंगे पांच-पांच दिए

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन भिलाई शहर में महादिवाली बनाई जाएगी। हर घर में कम से कम पांच दिए अवश्य जलाए जाएंगे।

### सभी मंदिरों में होगी लाइटिंग

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सभी मंदिरों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। भिलाई के हर वार्ड में स्थित मंदिरों को आकर्षक रोशनी से सजाया जा रहा है। भगवान राम से लेकर शिव मंदिर, मातारानी के मंदिर, हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों को सजाने का काम हो रहा है। इस दौरान सभी मंदिरों में विशेष आराधना के साथ महाभोग लगाया जाएगा।

### एलईडी स्क्रीन लगी गाड़ियों से निकालेंगे प्रभात फेरी

उन्होंने बताया कि श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन भव्य प्रभातफेरी भी निकाली जाएगी। इसमें भाजपा के हजारों कार्यकर्ता, महिला मोर्चा व अन्य समाजिक संगंठन के लोग इसमें शामिल होंगे। इसके लिए सभी समाज के लोग बढ़-चढ़ कर स्वयं से ही सामने आ रहे हैं। प्रभातफेरी में एलईडी स्क्रीन लगे वाहन, रामधुन के साथ डीजे शामिल होंगे।

### बैकुंठधाम व वैशालीनगर में होगा भव्य आतिशबाजी



**भिलाई।** बैकुंठधाम भिलाई में रविवार को विधायक प्रतिनिधियों और क्षेत्र की महिलाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक 22 जनवरी के आयोजन की तैयारी को लेकर हुई। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की स्थापना के साथ ही भिलाई में भी विविध आयोजन किए जा रहे है। इसी कड़ी में बैकुंठधाम में 22 जनवरी को विधायक रिकेश सेन द्वारा रघुनंदन वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बैकुंठधाम के संस्थापक व निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र अरोरा ने बताया कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही वैशालीनगर में भी भांचा राम की भक्ति में लोग सरोबार रहेंगे। मंडई मेला के आकर्षण के साथ ही दोपहर 1 से 3 बजे तक प्रभु श्रीराम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता शाम 6 बजे से हनुमान चालीसा व संगीतमय भजन संध्या और दीप सजावट व रात्रि में छत्तीसगढ़ लोक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। रामलला के स्वागत लगभग 3 घंटे भय आतिशबाजी का नजारा भी देखने को मिलेगा। श्री अरोरा ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने रविवार को बैकुंठधाम में बैठक कर रणनीति बनाई गई है।

## रामायण प्रतियोगिता का समापन

### विपरीत परिस्थिति आए तो पढ़े रामायण सकारात्मक परिवर्तन आना निश्चित है




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नवयुवक कल्याण समिति धनोरा के तत्वाधान में 16 वें राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का रविवार को झांकी व महाआरती के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 18 मानस दलों ने रामायण के चुनिंदा प्रसंगों पर लोकगीत और सुमधुर भजन की प्रस्तुति कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं बालिका मंडलियों ने वाद्ययंत्रों पर सधी हुई लय में गीत संगीत का सुमधुर राग छेड़ते हुए वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।

मानस मंडलियों की अमृतवाणी से आम जनमानस ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाते नजर आए। कथा पंडाल में राम दरबार और एलईडी स्क्रीन पर्दे पर अन्य साज सज्जा में प्राचीन भारतीय सनातन परंपरा की झलक दिखाई दिया। इस मानस अनुष्ठान में पहुंचे सभी आमंत्रित मानस वक्ताओं ने एक स्वर में रामचरितमानस की प्रासंगिकता को वर्तमान समय में अतिआवश्यक बताते हुए उसे जीवन में उतारने की अपील की। समापन एवं पुरुस्कार वितरण समारोह में सरपंच मनीष साहू, ग्राम पटेल चैतूराम साहू सहित आयोजक नवयुवक कल्याण समिति के सदस्य ओर बड़ी संख्या में गांव के नागरिक उपस्थित रहे। धनोरा में 16वां दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता में प्रस्तुति देने आए मानस मंडलियों ने रामायण पढ़ने के महत्व को बताते हुए कहा कि हमारे जीवन में कैसी भी विषम परिस्थिति आए दैनिक जीवन में रामचरितमानस को नित्य पढ़े और अनुसरण किया जाए तो जीवन में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित है, मानस के अनुसरण से ही देश,समाज,गांव और परिवार में शांति और सुमति आएगी। उन्होंने कहा कि रामायण मनुष्य के जीवन में आने वाली दिक्कतों से लड़ने की कला व धैर्य बनाए रखने का संबल देती है तो अपने जीवन चरित्र से हमें अन्याय, असत्य और गलत का विरोध करना भी सिखाती है।

## छह दिवसीय ढाई आखर प्रेम का छत्तीसगढ़ यात्रा निकली

# सांस्कृतिक यात्रा के कलाकारों ने बच्चों को दिया स्नेह का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

देश के लोगों को शांति और प्रेम का संदेश देने इप्टा सहयोगी सांस्कृतिक संगठनों द्वारा निकली 22 राज्यों की सास्कृतिक यात्रा के तहत छह दिवसीय ढाई आखर प्रेम का छत्तीसगढ़ यात्रा निकली। दूसरे दिन दुर्ग, भिलाई, डोंगरगढ़ के कलाकारों और साहित्यकारों ने मोती काम्प्लेक्स सफदर हाशमी चौक से पदयात्रा शुरु की। कलाकारों ने शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरदार पटेल शासकीय प्राथमिक विद्यालय तथा उमा विद्यालय बघेरा पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। इप्टा के रंगकर्मी मणिमय मुखर्जी ने बच्चों को गीत सिखाकर प्रेम करने का सन्देश दिया । जनवादी लेखक संघ के लक्ष्मीनारायण कुंभकार ने कविता, इप्टा के राजेश श्रीवास्तव, चित्रांश श्रीवास्तव, शुभम, कनिष्क, नीरज, पलक, वीवी परगनिहा ने तथा स्कूल की छात्रा तरजिंदर कौर और कलश ने गीत सुनाए। बघेरा में स्कूल



के प्राचार्य जीएस बंछोर ने लोककला मर्मज्ञ रामचंद्र देशमुख के चित्र पर पुष्पा अर्पित किए शिक्षिका ज्योति व गाँधी विद्यालय के सोनी ने संचालन व रंगकर्मी नकुल महलवार ने आभार प्रस्तुत किया। प्रगतिशील लेख संघ केशरद कोकास ने माइंड गेम से बच्चों को जागरुक किया। संयोजन क्षितिज रंग शिविर के रंगकर्मी गोपाल शर्मा ने किया। रंगकर्मी विनायक अग्रवाल, जय कसेर, किशोर जाटव, नकुल महलवार,जय भागवानी, कलादास मानिकपुरी, संदीप पटेल, जितेंद्र, राधेश्याम तराने, मनोज गुप्ता, पंचराम साहू आदि उपस्थित थे।

# दशहरा मैदान शांति नगर में हुई जमकर पतंगबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वैशाली नगर दशहरा मैदान में रविवार का हर्षोल्लास के साथ पतंग उत्सव हुआ। विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन विभिन्न समाज के विधायक प्रतिनिधियों के साथ बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान सर्व जैन समाज के नागरिकों के आलावा बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग उपस्थित थे। रविवार को पतंग उत्सव में सभी ने जमकर पतंगबाजी की और एक दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन ने सर्व जैन समाज के सहयोग से प्रथम बार आयोजित पतंग उत्सव की सराहना करते हुए कहा कि ग्राउंड में लोगों के उत्साह को देख कर लगता है कि हर वर्ष यह आयोजन जरूरी भी है। कार्यक्रम में श्वेताम्बर जैन समाज से विधायक प्रतिनिधि अंकित जैन, दिगंबर जैन समाज से अलोक जैन, वार्ड विधायक प्रतिनिधि मिथिला खिचरिया, नमिता हांडा, मुन्ना मोहन कुकरेजा, जोन प्रतिनिधि छोटेलाल चौधरी, भीखम सिंह राजपूत, देवेन्द्र सिन्हा, मोती लाल श्रीवास्तव, शशि कुमार भगत, प्रीति जाधव, लक्ष्मण चौधरी, सुनील जैन, नीतू गुप्ता, कुबेर शर्मा, दुर्गेश सोनी आदि मौजूद थे।

- विधायक रिकेश सहित सैकड़ों लोगों ने उड़ाई पतंग

### विजेता प्रतिभागियों को मिले पुरस्कार

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के अनुसन्धान एवं नियंत्रण प्रयोगशाला विभाग में विभागीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक ए व्ही मनोज उपस्थित थे। रंगोली, संगीत, पोस्टर, कविता, स्लोगन, निबंध और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशह आयशा, प्रीती एवं मनमोहन दास को प्राप्त हुआ।

## छग अग्रवाल समाज का प्रांतीय अधिवेशन व अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय ईकाई द्वारा आयोजित 16 वां प्रांतीय अधिवेशन एवं अष्टम अग्र अलंकरण समारोह राजनांदगाँव के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छग शासन, अध्यक्षता प्रदीप मित्तल चेयरमेन राष्ट्रीय अग्रवाल संगठन, विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, संतोष पांडेय सांसद राजनांदगांव, सियाराम अग्रवाल, सुशील गुप्ता रहे। छत्तीसगढ़ शासन विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ प्रदेश घोषणा पत्र समिति संयोजक रहे सांसद विजय बघेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि घोषणा पत्र के आधार पर ही हम सत्ता में आए हैं। उन्होने कहा कि जनता में भारी उत्साह विजय बघेल ने बहुत अच्छी घोषणा पत्र भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन से बहुत अच्छी बनाई, जिसके बदौलत पुनः भाजपा सत्ता में वापस आई।

## बालाजी मंदिर में होगा अभिषेक और कुमकुम पूजा

# विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेक्टर-5 स्थित बालाजी मंदिर में तीन दिन तक चलने वाले मकर संक्रांति समारोह में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और कई प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में शनिवार से शुरू समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान बालाजी के दर्शन किए। सोमवार को समारोह का अंतिम दिन है, जब मंदिर में मकर संक्रांति धार्मिक सद्भाव एवं परंपरागत ढंग से मनाई जाएगी। इस अवसर पर भगवान बालाजी, माता श्रीदेवी-भूदेवी का विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की जाएगी। कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की सुबह भगवान बालाजी, माता श्रीदेवी-भूदेवी के विग्रहों को आभूषणों एवं नूतन वस्त्रों



से अलंकृत कर उनका अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक के पश्चात पहले बालाजी की सहस्त्रनामार्चना और उसके बाद कुमकुम पूजा की जाएगी। कुमकुम पूजा के उपरांत भक्तगण भगवान के दर्शन कर सकेंगे। इस दौरान महानैवेद्य का भोग भी लगाया जाएगा। शाम को पुनः पूजा-अर्चना की जाएगी और एक बार फिर नैवेद्य चढ़ाया जाएगा। सबसे अंत में मंदिर के कपाट बंद करने से पहले भगवान बालाजी की एकांत सेवा की जाएगी। समारोह के पहले दिन शनिवार शाम को कर्नाटक शैली की गायिका जी सरोजा ने शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया और दूसरे दिन रविवार तड़के भोगी पर्व मनाने के बाद मंदिर के मंडप में माता गोदादेवी का वैदिक मंत्रों के बीच कल्याणम (विवाह) रचाया गया। विवाहोत्सव के बाद आंध्र भवन में चित्रकला, रंगोली, पारंपरिक व्यंजन तथा पुष्पगुच्छ प्रतियोगिताओं समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए। प्रतिभागी विजेता पुरस्कृत भी किए गए। प्रतियोगिताओं के नतीजों के मुताबिक पुष्पगुच्छ- प्रथम के ज्योति, द्वितीय बी वी बसवम्मा, तृतीय वी विमला।

व्यंजन (मैदा) - प्रथम वी ललिता, द्वितीय वी विमला एवं के दुर्गा रानी, तृतीय के भावना एवं के विजया राव। व्यंजन (बेसन) - प्रथम वी विमला, द्वितीय के शिव कुमारी, तृतीय टी सुब्बालक्ष्मी एवं जी अहल्या। रंगोली जूनियर- प्रथम ई पावनी, द्वितीय एस तनिष्का, तृतीय ई नवनी। फ्री हैंड- प्रथम ए जाह्नवी, द्वितीय पूर्णिमा, तृतीय ए खुशी एवं पी अमृता, सांत्वना - के किरण एवं वासवी। बिंदीयुक्त रंगोली-प्रथम एन विजय निर्मला, द्वितीय-रोजा। इनके अलावा चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता भी पुरस्कृत किए गए।




